शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली, जिला–सूरजपुर (छ.ग.)
**Government College, Silphili, Dist. Surajpur C.G.**

Website-Govtcollegesilphili.ac.in
E-mail-govt.collegesilhili@gmail.com

# CERTIFICATE

This is certified that the institution has not received any grants from government and non-governmental agencies for research projects/ endowments during the last five years (2015-16 to2019-20).

Principal
Govt. College Silphili
Dist.- Surajpur (C.G.)

Principal
Govt.-College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner

# SESSION 2016-17

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
## जिला–सूरजपुर, छ.ग.

दिनांक 14 सितंबर 2016

## छत्तीसगढ़ राज्य युवा नीति


छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग रायपुर से प्राप्त निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य युवा नीति कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें महाविद्यालय के छात्रों जिनकी आयु 15 से 29 वर्ष तक है इस कार्यक्रम में पोर्टल "youthpolicy.cgstate.gov.in" के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 24 सितंबर 2016 तक महाविद्यालय स्तर पर युवाओं की विचार को निर्धारित प्रपत्र में भरवा कर छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग को प्रेषित किया जाना है।

इस निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में दिनांक 14 सितंबर 2016 को युवाओं के विचार प्राप्त करने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य युवा नीति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य महोदय डॉ रामकुमार मिश्र के द्वारा छात्रों को शासन की इस योजना से अवगत कराया गया। संस्था के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर के आनंद कौशिक ने शासन की इस योजना के महत्व एवं लक्ष्य को छात्रों के बीच रखा और उन्होंने बताया कि यदि हमारी राज्य की योजना नीति में युवा पीढ़ी का विचार उनके अपने तथ्य एवं पक्ष रखा जाए तो यह नीति धरातल स्तर पर अधिक कारगर एवं उपयोगी होगा, तथा अपनी बातों को राज्य स्तर पर पहुंचाने का यह सबसे अच्छा एवं उचित माध्यम होगा।

कार्यक्रम के अंत में छात्रों को राज्य शासन से प्राप्त सुझाव पत्र प्रारूप दिया गया जिस पर छात्रों ने अपना नाम आयु लिखकर अपना सुझाव रखा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

Principal
Govt.-College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner




कार्यक्रम · युवानीति पर व्याख्यान — सत्र - 2016-17

प्राचार्य - डॉ. रामकुमार मिश्रा

वरिष्ठ -प्राध्यापक - डॉ. के. आनंद कौशिक

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली सूरजपुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग.

## राष्ट्रीय एकता सप्ताह कार्यक्रम में एकता के लिए दौड़ कार्यक्रम–2016

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग नया रायपुर से प्राप्त निर्देशानुसार भारत सरकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल की स्मृति में राष्ट्रीय एकता सप्ताह मनाए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। निर्देशानुसार प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में एकता के लिए दौड़ कार्यक्रम आयोजित करना सुनिश्चित किया गया है यह कार्यक्रम 31/ 10 /16 से 6/11/ /16 तक आयोजित किया जा सकता है।

इस निर्देश के परिपालन में दिनांक 31 /10 /2016 को शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रन फॉर यूनिटी ; एकता के लिए दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों के साथ महाविद्यालय के सभी छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर से की गई एवं मेन रोड सिलफिली से होते हुए बस स्टैंड सिलफिली में पहुंच कर इस कार्यक्रम का समापन किया गया। बस स्टैंड सिलफिली में छात्रों के द्वारा वहां उपस्थित नागरिकों को इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी दें एवं इस कार्यक्रम के महत्व को बताया। छात्रों के महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य महोदय द्वारा उन्हें इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करने एवं अपने माध्यम से समाज को संदेश देने के लिए छात्रों को बधाई दी। छात्रों के साथ इस एकता दौड़ कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक के आनंद कौशिक श्रीमती अंजना शालिनी कुजुर पवन कुमार चेतानी एवं कार्यालय लिस्ट ऑफ में अनुरंजन देव ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एवं संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री अमित सिंह बनाफर ने किया।

Principal
Govt.-College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner




राष्ट्रीय एकता सप्ताह कार्यक्रम में- "एकता के लिए दौड़"
दिनांक:- 31.10.2016




"एकता के लिए दौड़" की तैयारी करते हुए छात्र एवं छात्राएं
दिनांक- 31.10.2016

Scanned with CamScanner




विश्रामपुर मेन रोड में रैली " ~~प्रदर्शन~~ करते हुए छात्र




बस स्टैण्ड सिलफिली में - रैली का प्रदर्शन

दिनांक - 31.10.2016

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य ,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली जिला–सूरजपुर , छ.ग.

राष्ट्रीय सेवा योजना

*email-govt.collegesilphili @gmail.com*

सिलफिली, दिनांक 13/11/2016

कमांकः /रासेयो/2016

<u>प्रेस विज्ञप्तिः–</u>रा.से.यो. द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा रैली ।

सिलफिली– छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत रासेयो इकाई शासकीय महाविद्यालय सिलफिली द्वारा महाविद्यालय परिसर से सिलफिली बस स्टैंड तक स्वच्छता रैली निकाली गई, जिसमें महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा स्वच्छता संबंधी स्वरचित नारे प्रदर्शित किए गए। रैली के दौरान छात्रों द्वारा लोगों को खुले में शौच से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा घर में बंद पड़े शौचालयों की मरम्मत कराकर उपयोग में लाने के लिए जागरुक किया गया।

उक्त रैली में स्वयंसेवकों ने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा की सार्थकता एवं सफलता में ग्रामवासियों को सकिय रूप से अपनी सहभागिता देने के लिए प्रेरित किया।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकुमार मिश्र वरिष्ठ प्राध्यापक के आनंद कौशिक, प्रो. शालिनी कुजूर, प्रो. अंजना, प्रो. अजय कुमार तिवारी के साथ साथ श्री जफीर अहमद, श्री गोविंद मंडल, श्री मिथुन समददार तथा सुश्री नीति कौर की सकिय भूमिका रही। कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी अमित सिंह बनाफर ने किया।

कार्यक्रम अधिकारी
रासेयो इकाई

प्राचार्य
शा. महाविद्यालय सिलफिली
जिला–सूरजपुर छ.ग.

Principal
Govt. College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner

15.11.2016

## खबर संक्षेप



स्वच्छता रैली में शामिल छात्र-छात्राएं।

# निकली स्वच्छता रैली

बिश्रामपुर। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शासकीय महाविद्यालय सिलफिली की रासेयो इकाई द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली महाविद्यालय परिसर से सिलफिली बस स्टैण्ड तक निकाली गई जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता के संबंध में स्वरचित नारे से लोगों को जागरूक करने की पहल की गई। साथ ही लोगों को खुले में शौच से होने वाली परेशानियों के संबंध में भी बताया गया। इसाके अलावा घरों में बंद पड़े शौचालयों की मरम्मत कराकर उपयोग में लाने हेतु भी जागरूक किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. रामकुमार मिश्रा, आनंद कौशिक, शालिनी कुजूर, अंजना, अजय कुमार तिवारी, जफीर अहमद, गोविन्द मंडल, मिथुन समद्दार, नीति कौर, कार्यक्रम अधिकारी अमित सिंह बनाफर व अन्य सक्रिय थे।

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली * जिला-सूरजपुर (छ.ग.)




स्वच्छता पखवाड़ा में - महाविद्यालय परिसर की सफाई करते हुए प्राचार्य महोदय एवं छात्र




स्वच्छता पखवाड़ा - महाविद्यालय परिसर की सफाई
दिनांक - 12.11.2016

Scanned with CamScanner

Annex-I

# REGIONAL DIRECTORATE OF NSS, PATNA

## NATIONAL INTEGRATION CAMP

AT- BIT, MESRA, RANCHI, JHARKHAND

FROM 14TH TO 20TH DECEMBER-2016



## NSS VOLUNTEER BIO-DATA

**A: PERSONAL DETAILS** *(in capital letters)*

(i) Name: Mr./Miss KAVITA BACHHAD

(ii) Date of birth: 03. 06. 1999

(iii) Father's Name: Shri DULAL BACHHAD

(iv) Mother's Name: Smt. Neepu BACHHAD

(v) Educational Qualification: Student of B.A. part One

**B: CONTACT DETAILS**

(i) Contact Address : Village Ganeshpur, P.O.- Silphili, Dist- Surajpur. - 497226

(ii) Telephone No(s) :

(iii) Mobile No(s) : 07898723530

(iv)E mail ID : Bangfarzoology@gmail.com

**C: NSS UNIT DETAILS**

(i) Name of Prog. Officer : Amit Singh Bangfar (A.P.-Zoology)

(ii) Mobile No(s) : 07869090897

(iii) Name & Address of College/School : Govt. College Silphili, Surajpur Pin- 497226

(iv) Name & Address of University/ +2 Council : Surguja University - Ambikapur.CG - 497001.

**D: OTHER DETAILS**

| | |
|---|---|
| (i) Height (in cm) : | (ii) Weight (Kg.) : 40 kg. |
| (iii) Food habit : Veg/ Non-Veg - Non Veg | (iv) Blood Group : A+ |
| (v) NSS Camps attended : One Special 7 day's Camp at School level. | (vi) NSS Enrollment Year : 2016 |
| | (vii) Hobbies : Study, Singing. |
| कविता बछाड़<br>Signature of the Volunteer & Date | Signature of the Prog. Officer & Date<br>(SEAL) 22/11/16 |

Programme officer N.S.S.
Govt. College Silphili
Distt Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner

Annex.-II

**Form of Indemnity**

In consideration of my being nominated at my request to undergo all types of training and also participating in any camp/course/adventure training activities in/outside NSS and traveling I undertake and agree that neither I nor my executer/ administrator will make any claim against the Government of India or against any officer of NSS/Principal/Programme Officer/ Programme Coordinator/State Liaison Officer/Youth Officer/ Assistant Programme Adviser/Deputy Programme Adviser/ Programme Adviser in respect of any loss or injury to the property or person (including injury resulting in death), which may suffer while or inconsequence of my being in training/ participating in any camp/course/adventure training activities in/ outside NSS and traveling and I understand that no compensation will be paid by Government of India or any Officer as mentioned against any such loss or injury (including injury resulting in death) and I agree so as to bind myself, executers and administrators to indemnity to the Government of India, any NSS official and any person in the service of Government of India, against any claim which may be made any third party against them or any of them arising out of any ac or default on my part during or in connection of said training camp/course/NSS Pre-RD Parade/RD Parade Camp/adventure training and journey by road/rail/sea/river/flight.

कोकिला

**Signatures of the applicant**
with address
Vill- Ganeshpur,
P.O.- Silphili

In the presence of

Witness 1 ________ कुनिका

Witness 2 ________ Dewanji

NB: **One of the witnesses must be the parent/guardian of the NSS volunteer with address**

Scanned with CamScanner

Annex.-III

Volunteership Certificate – A Specimen

It is certified that Shri/Kum...Kavita Bachhad............... Son/Daughter of Shri......Dulal Bachhad................ is a bonafide student of (name of institution)...Govt. College Silphili, (Surajpur.)

He/She is a regular NSS volunteer from 1:07:16 and has completed his/her one year of volunteership and he/she is neither a member of NCC nor a member of Scouts and Guides/ Rovers/Rangers.

He has attended NSS Special camp from 14.12.2016 to 20.12.16 (date) at Ranchi (J.H.) (venue).

Signatures of the Programme Officer
with seal
Programme officer N.S.S.
Govt. College Silphili
Distt.Surajpur (C.G)

Signatures of the Principal
Principal
Govt.-College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner

सत्यमेव जयते

# NATIONAL INTEGRATION CAMP

## *Certificate of Participation*



*This is to certify that Mr./Ms.* Kavita Bachhad

*from* Chhattisgarh *has successfully participated in National Integration Camp 2016, Organized by Government of India, Ministry of Youth Affairs & Sports, Regional Directorate of NSS Patna at Birla Institute of Technology, Mesra, Ranchi (Jharkhand) from 14th -20th December 2016.*

| O.P. Pandey | Dr. Bimal Kumar Mishra | Dipak Kumar |
|---|---|---|
| Programme Co-ordinator<br>NSS, BIT Mesra | Chairperson NSS,<br>DSW, BIT Mesra | Regional Director<br>NSS, Patna |

2021/2/4
Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
## जिला–सूरजपुर, छ.ग.

**पल्स पोलियो अभियान** 2016

भारत सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रतिवर्ष के दिसंबर एवं जनवरी माह में पोलियो का ड्राप पिलाया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत से पोलियो जैसे बीमारी को पूर्णता समाप्त करने का है।

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्रों ने दिसंबर 2016 को इस कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम अधिकारी अमित सिंह बनाफर के नेतृत्व में छात्रों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमलपुर मैं जाकर इस कार्यक्रम में अपना सहयोग दिया। सर्वप्रथम छात्र स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर वहां उपस्थित चिकित्सकों से पल्स पोलियो अभियान के बारे में जानकारी ली एवं पोलियो ड्रॉप पिलाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके पश्चात छात्रों ने स्वयं चिकित्सकों के समक्ष शिशुओं को पल्स पोलियो ड्राप पिलाने के का कार्य किया। मुख्य चिकित्सक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमलपुर द्वारा महाविद्यालय के छात्रों के इस सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया गया। इस कार्यक्रम में सुनीता अगरिया प्रिया गुप्ता अशोक यादव संतोषी सील एवं अन्य छात्रों ने सक्रिय भूमिका निभाई।




पोलियो ड्राप पिलाते हुए छात्रा - मनीषा अगरिया

Principal
Govt.-College S
Distt.-Surajpur

# SESSION 2017-18

Scanned with CamScanner

# शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली
# जिला–सूरजपुर (छ.ग.)

दिनांक– 22/09/2017

## "स्वच्छता ही सेवा" अभियान

भारत सरकार पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार भारत सरकार के स्वच्छता के विषय को पूरे देश में जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से 15 सितंबर से 2 अक्टूबर 2017 के दौरान "स्वच्छता ही सेवा" थीम पर विशेष अभियान चलाया जाना प्रस्तावित है। उक्त अभियान में समाज के विभिन्न वर्गों विभिन्न समुदायों जनप्रतिनिधियों सामुदायिक संगठनों स्वशासी संगठनों आदि को भी सम्मिलित किए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ।

उक्त निर्देश के परिपालन में शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के द्वारा स्वच्छता ही सेवा थीम पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

दिनांक 22 सितंबर 2017 को महाविद्यालय के छात्रों के बीच स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के 15 छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें प्रियंका साहा एवं प्रीति सिंह ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अशोक यादव एवं द्वितीय स्थान पर जयंती राय रही।

दिनांक23 सितंबर2017 को छात्रों के बीच स्वच्छता नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 21 छात्रों ने भाग लिया। नारा लेखन में सुंदर साय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि ट्विंकल गिरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।


इस अभियान के अंतिम दिन 2 अक्टूबर 2017 को गांधी जयंती के दिन महाविद्यालय के प्राचार्य रामकुमार मिश्र की अध्यक्षता में गांधी जयंती मनाया गया एवं इसी दिन स्वच्छता रैली का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं गांधी जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। छात्राओं के द्वारा गांधी जी का प्रिय भजन "वैष्णो भजन को तेने कहिए" का गायन किया गया। अध्यक्ष उद्बोधन में प्राचार्य महोदय ने छात्रों को कहा कि - जीवन में कोई भी अच्छी आदत आने में समय लगता है परंतु

Principal
Govt.-College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner

यदि हम इस आदत को अपने दैनिक जीवन में लाने का प्रयास करें तो निश्चित रूप से यह अच्छी आदत हमारे जीवन का एक हिस्सा बन जाता है। स्वच्छ रहना एवं अपने आसपास को स्वच्छ रखना एक अच्छी आदत है जिसे हम अपना लें तो हमें न केवल शारीरिक रोगों से मुक्ति मिलेगी अपितु हम मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहेंगे क्योंकि यह कहा जाता है कि "स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है।" प्राचार्य महोदय द्वारा छात्रों के इस तीन दिवसीय गतिविधियों के लिए उन्हें बधाई दी और यह उम्मीद भी जताई की यह स्वच्छता अभियान केवल महाविद्यालय परिसर तक सीमित न रहकर अपने व्यक्तिगत जीवन में भी एक आदत के रूप में शामिल हो जाए।

उक्त तीन दिवसीय कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों में डॉ के. आर. जटवार, श्री अजय कुमार तिवारी, श्रीमती अंजना, श्रीमती शालिनी सांता कुजुर एवं सभी प्राध्यापको एवं स्टाफ के अन्य सदस्यों ने ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन एवं नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री अमित सिंह बनाफर ने किया।




स्वच्छता ही सेवा अभियान :-
चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता - 22.09.2017




महाविद्यालय से
सिलफिली बस
स्टैण्ड तक रैली




शासकीय महाविद्यालय सिलफिली जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

स्वच्छता रैली कार्यक्रम- स्थान- सिलफिली बस स्टैण्ड
सत्र – 2017 – 18.

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. *email-govt.collegesilphili@gmail.com*

## मतदाता परिचय पत्र की जानकारी तथा फार्म 06 भरा गया

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में दिनांक 10/11/2017 को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में प्राचार्य डॉ राम कुमार मिश्र के दिशा निर्देश पर प्रशिक्षित नोडल अधिकारी एवं कैंपस एंबेसडर की सहायता से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु विद्यार्थियों से फार्म 06 भरवाया गया। साथ ही छात्रों को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण में दिए गए दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि उनके आसपास जो भी मतदाता ऐसे हों, जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा वोटर कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित करें। उन्हें यह भी बताया गया कि वे आसंपास के मतदाताओं को उनके मत की कीमत के विषय में जागरुक करें तथा उन्हें अनिवार्य रूप से वोट देने के लिए प्रेरित करें। स्मरणीय है कि दिनांक 26/10/2017 को शासकीय महाविद्यालय सूरजपुर में तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के द्वारा महाविद्यालयों के नोडल अधिकारी तथा कैंपस एम्बेसडर को इस संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया था।

उक्त कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डॉ के आर जाटवर, श्री अमित सिंह बनाफर, श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, श्री अजय कुमार तिवारी, श्री भारत लाल कंवर, श्री आशीष कौशिक, श्री संदीप सोनी तथा समस्त कार्यालयीन कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

प्राचार्य
Principal
Govt.-College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner




प्राचार्य: डॉ. रामकुमार मिश्रा द्वारा "मतदाता जागरूकता" पर व्याख्यान -




मतदाता सूची में पंजीयन हेतु फार्म 06 भरवाया गया।

कार्यक्रम:- मतदाता जागरूकता अभियान 2017-18

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

12.11.2017

दैनिक भास्कर



# वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने सिलफिली कालेज में छात्रों से भरवाए गए फार्म




अंबिकापुर| शासकीय महाविद्यालय में सिलफिली के छात्रों का नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने फार्म 6 भरवाए गए। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सिलफिली कालेज में प्राचार्य डा. रामकुमार मिश्र के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। कैंपस एंबेसडर द्वारा छात्रों से फार्म भरवाए गए। छात्रों को बताया गया कि वे अपने आसपास ऐसे युवा जो 18 वर्ष या उससे अधिक के हों वे मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाकर वोटर कार्ड बनवाएं। लोगों को उनके वोट का महत्व भी समझाएं एवं उन्हें वोटिंग करने प्रेरित करें। छात्रों को पिछले दिनों सूरजपुर में आयोजित स्वीप कार्यक्रम के प्रशिक्षण के बारे में भी जानकारी दी गई। अभियान के दौरान डा. के आर जाटवर, अमित सिंह बनाफर, शालिनी शांता कुजूर, अजय कुमार तिवारी, भारतलाल कंवर, आशीष कौशिक आदि उपस्थित थे।

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

16-2-2018

छत्तीसगढ़ शासन
उच्च शिक्षा विभाग
:: मंत्रालय ::
महानदी भवन, नया रायपुर
-----00-----

क्रमांक 1010 /04/भा.स./2018/38-2 नया रायपुर, दिनांक 08/02/2018

प्रति,

(1) **आयुक्त,**
उच्च शिक्षा संचालनालय,
इन्द्रावती भवन, नया रायपुर (छ.ग.)

(2) **कुलसचिव,**
समस्त राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालय, छ.ग.

विषय :- **माननीय प्रधानमंत्री जी के छात्रों से परीक्षा संबंधी तनाव को कम करने संबंधी संवाद व उदबोधन।**

संदर्भः- **भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग, नई दिल्ली का अर्द्धशास. पत्र क्र.SS/HRM/MISC/2018 दिनांक** 06.02.2018

-----00-----

सन्दर्भानुसार परीक्षा के तनाव को कम करने हेतु स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों से दिनांक 16.02.2018 को पूर्वान्ह् 11 से 12 बजे तक माननीय प्रधानमंत्री जी का ऑनलाईन संवाद एवं उदबोधन होगा।

यह प्रसारण डी.डी. नेशनल/डी.डी.न्यूज/डी.डी. इंडिया/ऑल इंडिया रेडियो, ऑल इंडिया रेडियो, एफ एम चैनल द्वारा होगा तथा यह प्रसारण PMO, MHRD, दूरदर्शन, My Gov.in, YouTube, MHRD FaceBook Live एवं MHRD के स्वयंप्रभा चैनल में भी उपलब्ध रहेगा।

अतः समस्त संस्था प्रमुख को निर्देशित किया जाता है कि सभी छात्रों को प्रसारण की सूचना देवें तथा उक्त प्रसारण को छात्रों के लिए देखने एवं सुनने की समुचित व्यवस्था करें। इसका प्रतिवेदन आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय एवं इस कार्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।

**संलग्न :- उपरोक्तानुसार**

(डॉ.समरेन्द्र सिंह)
राज्य संपर्क अधिकारी एवं पदेन उपसचिव
राष्ट्रीय सेवा योजना
उ.शि.विभाग, मंत्रालय

पृ. क्रमांक 1011 /04/भा.स./2018/38-2 नया रायपुर, दिनांक 08/02/2018

प्रतिलिपि :-

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर,
2. निज सहायक, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय, नया रायपुर,
3. प्राचार्य, समस्त अग्रणी महाविद्यालय, छ.ग. को निर्देशित किया जाता है कि अधिनस्थ समस्त शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में व्यवस्था सुनिश्चित करें।
4. प्राचार्य, समस्त महाविद्यालय, छ.ग.,

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

राज्य संपर्क अधिकारी एवं पदेन उपसचिव
राष्ट्रीय सेवा योजना
उ.शि.विभाग, मंत्रालय

Scanned with CamScanner




"माननीय प्रधानमंत्री श्री का ऑन लाइन संवाद"
एवं उद्बोधन"

विषय:- परीक्षा पर चर्चा.

दिनांक - 16.02.2018

विवरण:- इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 100 छात्रों के उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य एवं अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

# SESSION 2018-19

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला–सूरजपुर, छ.ग. email-govt.collegesilphili @gmail.com


दिनांक 25 जुलाई 2018

## शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में वृक्षारोपण

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में दिनांक 25 जुलाई 2018 का हरियर छत्तीसगढ़ के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं तथा महाविद्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। हरियर छत्तीसगढ़ के अंतर्गत आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण हेतु हेज लगाया गया। इसके अतिरिक्त कुछ फूलदार तथा फलदार पौधों का भी रोपण किया गया।

उक्त आयोजन में महाविद्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी, तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।




हेज लगाते महाविद्यालय के प्राध्यापक तथा विद्यार्थी

Scanned with CamScanner




वृक्षारोपण करते प्राध्यापक तथा विद्यार्थी

प्राचार्य




गोदग्राम - कमलपुर में बेटी पढ़ाओ - बेटी बचाओ अभियान के अंतर्गत - रैली का आयोजन 7.12.18

विवरण :- रा.से.यो के नियमित गतिविधि के अंतर्गत गोदग्राम कमलपुर में स्थानीय स्कूल के छात्रों के साथ बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ थीम पर रैली का आयोजन किया गया। रैली में गांव युवा वर्ग को भी शामिल किया गया एवं उन्होंने इस रैली के बाद अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से N.S.S के छात्र अशोक यादव, प्रियंका शाहा, नन्दकुमार ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. *email-govt.collegesilphili @gmail.com*

दिनांक 18 जनवरी 2019

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में स्वामी विवेकानंद के जयंती विशेष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम 15 जनवरी 2019 को "विवेकानंद का कर्मवाद" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उक्त निबंध प्रतियोगिता में देवेंद्र गिरी बीएससी द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान तथा समीना परवीन बी ए द्वितीय वर्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इसी तारतम्य में 18 जनवरी 2019 को अपराहन 2:00 बजे महाविद्यालय परिसर में व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्री बीके त्रिपाठी जी थे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जन्म और उनके बचपन के की घटनाओं के तथ्यों पर अपने विचार रखे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के अध्ययन और उनकी स्मरण शक्ति के बेहतर होने का आधार उनके लगन और उनके ध्यान को बताया। श्री अजय कुमार तिवारी ने स्वामी विवेकानंद के अमेरिका के शिकागो शहर मैं उनके व्याख्यान की चर्चा करते हुए बताया, कि सर्व धर्म सम्मेलन में जब पूरे विश्व के धर्म उपदेशक वहां मौजूद थे और उन्हें अपने अपने विचार रखने के लिए 5 मिनट का समय नहीं मिल रहा था, ऐसी स्थिति में जब स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति की व्याख्या प्रस्तुत की। लोग अत्यंत तन मन से लगभग आधे घंटे चुपचाप सुनते रहे। उसके पश्चात अमेरिका के लोगों में बहुत से उनका शिष्यत ग्रहण करने उतावले हो गए। महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री अमित सिंह ने उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। छात्र छात्राओं की ओर से कुमारी समीना परवीन बीए द्वितीय वर्ष ने स्वामी जी का जीवन परिचय कराया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक तथा छात्र-छात्राओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner




भाषण प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति के साथ शमीना परवीन




भाषण प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति के साथ देवेंद्र गिरि

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता-




दिनांक 25.1.2019

सत्र - 2018-19,

चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता :-

विषय:- मतदाता जागरूकता में N.S.S. छात्रों की भूमिका

विवरण:- स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय स्तर पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता में प्रियंका साहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं निबंध लेखन में कु० शर्मीना परवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner




मतदाता दिवस, पर शपथ लेते हुए प्राचार्य, एवं प्राध्यापक
'25 जनवरी- 2019"




शासकीय महाविद्यालय सिलफिली * जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

राष्ट्रीय मतदाता दिवस - 25 जनवरी को
नारा लेखन प्रतियोगिता - सत्र - 2018-19

Scanned with CamScanner

# SESSION 2019-20

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. *email-govt.collegesilphili @gmail.com*


## फिट इंडिया मूवमेंट के प्रारंभ का सीधा प्रसारण तथा ध्यानचंद जयंती के अवसर पर पौधारोपण

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार दिनांक 29 अगस्त 2019 को महाविद्यालय में देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट के शुभारंभ का सीधा प्रसारण पोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को दिखाया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यायाम, नृत्य तथा पारंपरिक खेलों के माध्यम से व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ बनने का संदेश दिया गया। प्रधानमंत्री के विभिन्न प्रकार के पारंपरिक खेलों से विद्यार्थियों के जुड़ाव बढ़ाने के संदेश से विद्यार्थी बहुत प्रभावित हुए। प्रधानमंत्री के संबोधन के पश्चात् महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकुमार मिश्र ने विद्यार्थियों को योग तथा व्यायाम के द्वारा स्वस्थ रहने के तरीके बताए। उत्होने बताया कि सिर्फ 21 जून को अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर वर्ष में एक दिन योग करने से हम स्वस्थ नहीं रहेंगे। योग हमारी संस्कृति है। योग से हमारी शारीरिक रोग तो दूर होते ही है, हमारा मन भी प्रसन्न रहता है तथा सभी तरह के मानसिक विकार दूर होते हैं। योग क्रिया के द्वारा हमारे प्राचीन ऋषि मुनि सैकड़ों वर्षो का स्वस्थ जीवन जीते थे इसलिए हमें प्रतिदिन योग तथा व्यायाम करना चाहिए।


राष्टीय खेल दिवस तथा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर महाविद्यालय की राष्टीय सेवा योजना की इकाई द्वारा पौधारोपण का कार्यकम रखा गया जिसमें विद्यार्थियों ने करंज अशोक, नीम, आम, अर्जुन तथा अन्य औषधीय पौधों का रोपण किया गया। रासेयो इकाई के प्रभारी श्री अमित सिंह बनाफर द्वारा इस अवसर पर रेड रिबन क्लब का गठन किया गया जिसमें 10 स्वयंसेवकों ने अपना पंजीयन कराया।

उक्त सभी कार्यक्रमों में महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक श्री बी के त्रिपाठी, डॉ प्रेमलता एक्का, श्री अमित सिंह बनाफर, श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, श्री अजय कुमार तिवारी, श्री भारत लाल कंवर, श्री आशीष कौशिक, श्री संदीप सोनी, श्री बीरेंद्र सिन्हा, श्री अशोक राजवाड़े, श्रीमती सुनीता गुप्ता के साथ साथ अन्य कार्यालयीन कर्मचारी तथा महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम अधिकारी

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner



फिट इंडिया मूवमेंट के शुभारंभ का पोजेक्टर के माध्यम से सीधा प्रसारण



फिट इंडिया मूवमेंट के शुभारंभ का पोजेक्टर के माध्यम से सीधा प्रसारण

Scanned with CamScanner

30 अगस्त को

कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों से समस्त दस्तावेज एवं फीस की राशि सहित 30 अगस्त 2019 को दोपहर 2 बजे तक उपस्थित होने का आग्रह किया है।

आरोपी गिरफ्तार ...पेज 09



# फिट इंडिया मूवमेंट के प्रारंभ का सीधा प्रसारण तथा ध्यानचंद जयंती के अवसर पर पौधारोपण






अम्बिकापुर (अंस)। शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्राप्त निर्देषनुसार दिनांक 29 अगस्त 2019 को महाविद्यालय में देष के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट के शुभारंभ का सीधा प्रसारण पोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को दिखाया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यायाम, नृत्य तथा पारंपरिक खेलों के माध्यम से व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ बनने का संदेष दिया गया। प्रधानमंत्री के विभिन्न प्रकार के पारंपरिक खेलों से विद्यार्थियों के जुड़ाव बढ़ाने के संदेष से विद्यार्थी बहुत प्रभावित हुए। प्रधानमंत्री के संबोधन के पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकुमार मिश्र ने विद्यार्थियों को योग तथा व्यायाम के द्वारा स्वस्थ रहने के तरीके बताए। उन्होने बताया कि सिर्फ 21 जून को अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर वर्ष में एक दिन योग करने से हम स्वस्थ नहीं रहेंगे। योग हमारी संस्कृति है। योग से हमारी शारीरिक रोग तो दूर होते ही है, हमारा मन भी प्रसन्न रहता है तथा सभी तरह के मानसिक विकार दूर होते हैं। योग क्रिया के द्वारा हमारे प्राचीन ऋषि मुनि सैकड़ों वर्षों का स्वस्थ जीवन जीते थे इसलिए हमें प्रतिदिन योग तथा व्यायाम करना चाहिए।

राष्टीय खेल दिवस तथा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर महाविद्यालय की राष्टीय सेवा योजना की इकाई द्वारा पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया जिसमें विद्यार्थियों ने करंज अशोक, नीम, आम, अर्जुन तथा अन्य औषधीय पौधों का रोपण किया गया। रासेयो इकाई के प्रभारी अमित सिंह बनाफर द्वारा इस अवसर पर रेड रिबन क्लब का गठन किया गया जिसमें 10 स्वयंसेवकों ने अपना पंजीयन कराया। उक्त सभी कार्यक्रमों में महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक बी के त्रिपाठी, डॉ प्रेमलता एक्का, अमित सिंह बनाफर, श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, अजय कुमार तिवारी, भारत लाल कंवर, आशीष कौषिक, संदीप सोनी, बीरेंद्र सिन्हा, अशोक राजवाड़े, श्रीमती सुनीता गुप्ता के साथ साथ अन्य कार्यालयीन कर्मचारी तथा महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सरगुजा यूनिवर्सिटी में केंद्रीय मंत्री रेणुका का प्रतिनिधित्व करेंगे रोचक गुप्ता



अंबिकापुर (अंस)। भाजपा युवा मोर्चा सरगुजा के मंत्री व युवा नेता रोचक गुप्ता को केंद्रीय मंत्री व सरगुजा सांसद रेणुका सिंह ने संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय "सरगुजा यूनिवर्सिटी" के लिए अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है , उक्त नियुक्ति को लेकर के सरगुजा के युवाओं और युवा मोर्चा के जिले भर के कार्यकताओं में हर्ष का वातावरण है। उक्त नियुक्ति के पश्चात सरगुजा विश्वविद्यालय में होने वाली समस्त बैठकों में संसद की अनुपस्थिति में रोचक गुप्ता प्रतिनिधित्व करेंगे। रोचक गुप्ता ने कहा कि छात्र हित को लेकर माननीय केंद्रीय मंत्री सदैव गंभीर रही हैं, और मैं भी छात्रहित के लिए हर स्तर में कार्य करने के लिए सदैव उपलब्ध रहने की कोशिश करूंगा, और मेरे लिए सबसे हर्ष का विषय ये है कि मैंने अपनी उच्च शिक्षा बी.कॉम और एम.ए भी इसी विश्वविद्यालय से किया है।

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. *email-govt.collegesilphili@gmail.com*

## पुलिस जनता की मित्र विषय पर व्याख्यान

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में दिनांक 6/12/19 को पुलिस जनता की मित्र विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र की अध्यक्षता एवं श्री दीपक कुमार पासवान टी आई जयनगर थाना, जिला सूरजपुर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य वक्ता श्री दीपक कुमार पासवान ने महाविद्यालय के छात्रों को समाज के लिए पुलिस की उपयोगिता तथा क्राइम के बढ़ते तरीकों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुलिस आम जनता की सुरक्षा के लिए है इसलिए पुलिस के प्रति समाज में जो भ्रांतियाँ हैं उसे अपने मन से निकाल उनके प्रति सकारात्मक सोच रखने की आवश्यकता है। पुलिस विभाग के लोग भी उसी समाज से आते हैं, जहाँ सामान्य जनता रहती है। परंतु समाज में शांति व्यवस्था तथा 'लॉ एण्ड आर्डर' बनाए रखने के लिए उन्हें कठोर निर्णय लेना पड़ता है तथा आपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि अगर आप संविधान में बनाए गए नियमों के अनुसार एवं विधि सम्मत कार्य करेंगे तो आपको पुलिस से भयभीत होने अथवा घबराने की आवश्यकता नहीं है। अंत में उन्होंने छात्रों को आश्वासन दिया कि घर से बाहर किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि हो या उन्हें कोई परेशानी हो तो वे उनसे सीधा संपर्क कर सकते हैं उन्हें यथासंभव तत्काल सहायता दी जाएगी। विशेष रूप से उन्होंने महिलाओं की असुरक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए छात्राओं को बेखौफ महाविद्यालय आने–जाने तथा किसी भी समस्या पर तत्काल सूचित करने को कहा। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र ने पुलिस और समाज के बीच बढ़ती दूरी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुलिस हमारी मित्र है, हमें उनके प्रति भ्रांति नहीं रखनी चाहिए। हमें सोशल मीडिया से आ रही खबरों के प्रति सचेत व सजग रहने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री बी के त्रिपाठी, डॉ प्रेमलता एक्का, श्री अमित सिंह बनाफर, श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, श्री अजय कुमार तिवारी, श्री भारत लाल कंवर, श्री संदीप सोनी, श्री बीरेंद्र सिन्हा, श्री ताराचंद साहू, श्री रवि प्रताप सिंह तथा श्री अशोक राजवाड़े के साथ–साथ अन्य कार्यालयीन कर्मचारी तथा महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तथा अंत में आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री अमित सिंह बनाफर ने किया।

कार्यक्रम अधिकारी

(डॉ. रामकुमार मिश्र)<br>
प्राचार्य<br>
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली<br>
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner




श्री दीपक कुमार पासवान टी आई जयनगर थाना, जिला सूरजपुर का संबोधन




अपनी शंका का समाधान करती छात्रा मोनिका वैद्य

Scanned with CamScanner

अनुपस्थित नहीं कर रहा है यहां ध्यान दायित्व का निर्वहन करते देखा रहे हैं।

अम्बिकावाणी - 11-12-2019

# शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में पुलिस जनता की मित्र विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित



अम्बिकापुर (अंस)। शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में पुलिस जनता की मित्र विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र की अध्यक्षता एवं श्री दीपक कुमार पासवान टी आई जयनगर थाना, जिला सूरजपुर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य वक्ता दीपक कुमार पासवान ने महाविद्यालय के छात्रों को समाज के लिए पुलिस की उपयोगिता तथा क्राइम के बढ़ते तरीकों पर प्रकाष डालते हुए कहा कि पुलिस आम जनता की सुरक्षा के लिए है इसलिए पुलिस के प्रति समाज में जो भ्रांतियाँ हैं उसे अपने मन से निकाल उनके प्रति सकारात्मक सोच रखने की आवश्यकता है। पुलिस विभाग के लोग भी उसी समाज से आते हैं, जहाँ सामान्य जनता रहती है। परंतु समाज में शांति व्यवस्था तथा लॉ एण्ड आर्डर बनाए रखने के लिए उन्हें कठोर निर्णय लेना पड़ता है तथा आपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि अगर आप संविधान में बनाए गए नियमों के अनुसार एवं विधि सम्मत कार्य करेंगे तो आपको पुलिस से भयभीत होने अथवा घबराने की आवश्यकता नहीं है। अंत में उन्होंने छात्रों को आष्वासन दिया कि घर से बाहर किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि हो या उन्हें कोई परेषानी हो तो वे उनसे सीधा संपर्क कर सकते हैं उन्हें यथासंभव तत्काल सहायता दी जाएगी। विशेष रूप से उन्होंने महिलाओं की असुरक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए छात्राओं को बेखौफ महाविद्यालय आने-जाने तथा किसी भी समस्या पर तत्काल सूचित करने को कहा। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र ने पुलिस और समाज के बीच बढ़ती दूरी पर प्रकाष डालते हुए कहा कि पुलिस हमारी मित्र है, हमें उनके प्रति भ्रांति नहीं रखनी चाहिए। हमें सोषल मीडिया से आ रही खबरों के प्रति सचेत व सजग रहने की आवष्यकता है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक बी के त्रिपाठी, डॉ प्रेमलता एक्का, अमित सिंह बनाफर, श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, अजय कुमार तिवारी, भारत लाल कंवर, संदीप सोनी, बीरेंद्र सिन्हा, ताराचंद साहू, रवि प्रताप सिंह तथा अशोक राजवाड़े के साथ-साथ अन्य कार्यालयीन कर्मचारी तथा महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तथा अंत में आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अमित सिंह बनाफर ने किया।

Scanned with CamScanner

(स्वास्थ्य परीक्षण शिविर शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में)

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

दिनाँक 14-01-20
मंगलवार

आज दिनाँक 14-01-2020 को शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में छात्र छात्राओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह एक दिवसीय कार्यक्रम 12:00 बजे इसकी शुरुवात की गई। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष एंव निर्देशक महा० के प्राचार्य डॉ० राम कुमार मिश्र के संरक्षण में किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ० दुर्गेश यादव कमलपुर अस्पताल डॉ० श्री श्यामलाल चौधरी नेत्र रोग विशेषज्ञ, सिंग जी लैब टेक्निशियन एंव मोहन कुमार सहयोगी साहब से जानकारी देने आये हुए थे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत कार्यक्रम पुष्पगुच्छ देकर किया गया महा० अध्यक्ष मोनिकाशा B.Sc III, महा० उपाध्यक्ष अनुन्दर साय B.Sc III, महा० सचिव मनिषा बहादुर B.Sc II तथा महा० सहसचिव - मनिषा सिंह B.Sc I ने अतिथियों का स्वागत किया। यह कार्यक्रम दो भाग में बाटें हुआ है।
पहला भाग - स्वास्थ्य संबंधी जानकारी जिसके बारे में सबसे पहले डॉ० दुर्गेश यादव ने जानकारी दी।
दूसरा भाग - स्वास्थ्य परीक्षण को। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया तथा महा० के प्राध्यापक गण एवं स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

1. डॉ दुर्गेश यादव AMO [signature]
2. डॉ श्यामलाल चौधरी RMO [signature]
3. श्री अतुल रंजन सिंह [signature]
4. श्री मोहन कुमार मोहन सिंह
5. B. K. Tripathi [signature]
Shalini Shweta Kujur [signature]

[stamp: शासकीय महाविद्यालय ... सूरजपुर (छ.ग.)] 14/01/20

NOVELTY
PAGE NO.:
DATE: / /

Studentes

| नाम | कक्षा | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1) प्रियंका साहा | BSc III | Priyanka |
| 2) साधना सिंह | BSc III | Sadhna |
| 3) आंचल | B.A III | Anchal |
| 4) मोनिका दास | B.Sc. III | Monika |
| 5) शांति यादव | B.Sc III | Shanti |
| 6) तपेश्वरी सारथी | B.SC-III | Tapeshwari |
| 7) पुष्पा बुक्का | BSC-III | Pushpa |
| 8) रविना टेकाम | B.SC-III | Ravina |
| 9) सुमन | B.Sc. III | Singh |
| 10) किरण सिंह पैंकरा | BSc III | Kiran Singh |
| 11) नीरू सिंह | B.A. III | Neeru Singh |
| 12) जयन्ति राम | B.Sc III | Jayanti |
| 13) सीमा एक्का | B.A III | Seema |
| 14) पूजा राय | BSc Ist | [illegible] |
| 15) सुमन्ती लकड़ा | BSc. III | Sumanti |
| 16) रेखा सिंह | B.A III | Rekha |
| 17) वैष्णवी गुप्ता | B.Sc. 1st year | Gupta |
| 18) सुनीता राजवाड़े | BA I | Sunita |
| 19) सावित्री राजवाड़े | BA I | Savitree |
| 20) शशिकला एक्का | BA II | Shashikala |
| 21) रिंकी राजवाड़े | BA III | Rinki Rajwade |
| 22) जौरी सिंह | BA III | Singh |
| 23) ममता | BA III | Mamta |
| 24) अनुज यादव | BSC III | [illegible] |
| 25) शिवचरण | BSC III | Shiv |
| 26) जयधन | BSC III | Jaydhan |
| 27) कमला कुजूर | B.Com II | Kamla |
| 28) अनिता बिस्वास | B.Com II | Anita |

Signature........

PAGE NO. :
DATE : / /

| नाम | कक्षा | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| उषा विश्वकर्मा | B.A. I | Usha |
| अन्नु पैकरा | B.A I | अन्नु पैकरा |
| (32) पनेश्वरी पैकरा | B.A I | पनेश्वरी |
| (33) इलियश लकड़ा | B.Sc II | Iliyash |
| (33) राजेश कुमार | B.Sc II | Rajesh |
| (34) खेल साय | BA II | Khelsai |
| (35) अजय कुमार | B.Sc I | Ajay |
| (36) शेखर कुमार कुशवाहा | B.A. Ist | Shekhar |
| (37) श्रवण कुमार | B.A. Ist | Shrawan Kumar |
| (38) विजय कुमार यादव | B.Com Ist | [illegible] |
| (39) प्रमोद कुमार | B.Com Ist | Pramod |
| (40) किरण कुमार | B.A I | [illegible] |
| (41) मुनेश्वरी | B.A. I | मुनेश्वरी |
| (42) बबली सिंह | B.A. II | Babli Singh |
| (43) सुषमा पैकरा | B.A. I | Sushma Paikra |
| (44) अरुण सिरदार | B.A I | [illegible] |
| (45) प्रशांत राजवाड़े | B.A II | प्रशांत |
| (46) इन्द्रजीत राजवाड़े | B.Sc II year | Indrajeet |
| (47) स्थलेश्वरी राजवाड़े | B.A. II | [illegible] |
| (48) सोनू कुमार | B.A. I | Sonu |
| (49) बिश्वजीत | B.A. I | [illegible] |
| (50) बुधेश्वर देवांगन | B.A II | [illegible] |
| (51) राकेश | B.A IV | Rakesh |
| (52) लालचन्द | B.S.C II | Lalchand |
| फिरदौस | BA II | [illegible] |
| (54) Mohan Kumar | B.S.C. Ist | [illegible] |
| (55) तारा राजवाड़े | B.A - II | Tara |
| (56) सीमा राजवाड़े | B.A - II | Seema |

Signature.........

PAGE NO.:
DATE: / /

| नाम | कक्षा | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 57 कल्पना वैद्य | B.S.C II | Kalpana |
| 58 किरन मिश्रा | B.S.C II | Kiran |
| 59 देवाशीष दास | B.Sc.I | [illegible] |
| 60 ज्योति कुशवाहा | B.A.III | J kushwaha |
| 61 रानू कुशवाहा | B.A I | Ranu |
| 62 गायत्री शील | B.Com I | Gayatri |
| 63 प्रियंका राजवाड़े | B.COM.III | Priyanka |
| 64 शीतल सिंह | B.Com III | Sheetal |
| 65 ज्योति सिंह | B.Com III | Jyoti |
| 66 सुलेखा मंडरी | B.Com III | Sulekha |
| 67 प्रभा [illegible] | B.COM III | [illegible] |
| 68 रेखा कुशवाहा | B.A.I | Rekha |
| 69 रीता राजवाड़े | B.Sc.II | रीता |
| 70 अनीता राजवाड़े | B.A II | Anita |
| 71 मोना गुप्ता | B.Sc.II | Mona |
| 72 पूनम सिंह | B.S.C.II | पूनम |
| 73 अंजु राजवाड़े | B.Sc.III | Anju |
| 74 नेहा राजवाड़े | B.Sc.II | Neha |
| 75 नारायणी सिंह | B.Com. Ist | Narayani |
| 76 कलेश्वरी सिंह | B.Com Ist | Kaleshwari |
| 77 तपेश्वरी यादव | B.Com Ist | Tapeshwari |
| 78 शमीना परवीन | B.A. III | Shamina |
| 79 अंजना विश्वास | B.A. III | Anjana |
| 80 रानी राजवाड़े | B.A.I | Rani |
| 81 शतेश्वरी | B.A.I | Shateshwari |
| 82 गायत्री | B.A I | Gayatri |
| 83 देवमुनी सिंह | B.S.C I | Devmuni |
| 84 सोनम | B.S.C.I | Sonam |

Signature..........

Scanned with CamScanner

NOVELTY

PAGE NO. :

DATE : / /

| | | |
|---|---|---|
| नीलू कुशवाहा | B.S.C I | Nedu |
| (6) पार्वती | B.S.C I | Parwati |
| दिक्षित | B.S.C I | Dixit |
| Tapashwari | B.S.C I | Tapeshwari |
| (8) राजमेन्द्र | B.S.C I | Rajmay |
| परमेश्वरी | B.S.C I | Parmeshwari |
| सोनामती | B.S.C I | Sonamati |
| अनिषा | B.S.C I | Anisha |
| सोनम | B.S.C I | Sonam |
| प्रतिभा | B.S.C I | Pratibha |
| Pawan Vishwakarma | B.Sc-I | Pawan |
| (16) मोहन पैकरा | B.Com II[nd] | Mohan |
| (17) सतीश कुमार | B.S.C I | |
| (18) निर्मला | B.S.C II | Nirmala |
| (19) सुन्दरसाय | B.SC III | Sundar Sai |

Dr. Premlata Ekka — (signature) 14.1.2020

Smt. Anjana — (signature)

अजय कुमार तिवारी — (signature)

Signature..........

Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner

छत्तीसगढ़ शासन
उच्च शिक्षा विभाग
:: मंत्रालय ::
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर
जिला–रायपुर
email id - higher education@cg.gov.in

क्रमांक 527/10/मुमंस/2020/38–1 नवा रायपुर अटल नगर, दि. 29/01/2020

No.: L-201------22------425
AD------/JD/------/DD(M)
Section------
Date 30 JAN 2020 C.H.E.

प्रति,

आयुक्त,
उच्च शिक्षा संचालनालय,
इंद्रावती भवन,
नवा रायपुर अटल नगर,

विषयः– माननीय मुख्यमंत्री जी की मासिक रेडियोवार्ता "लोकवाणी" कार्यक्रम के संबंध में।

श्री तारन प्रकाश सिन्हा, उप सचिव मान. मुख्यमंत्री सचिवालय से प्राप्त टीप क्रमांक 50, दिनांक 24.01.2020 एवं आयुक्त सह संचालक जन संपर्क की छायाप्रति संलग्न है।

2/ उक्त टीप की आदेशानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

(सरोज उईके)
अवर सचिव
छ0ग0 शासन, उच्च शिक्षा विभाग

आमंत्रित ... कार्यक्रम की व्यवस्था करें!

V(E1452)

Scanned with CamScanner

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा
सी–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन,
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

--00--

क्रमांक / 142/60 /आउशि/सम/2020 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 07/02/2020

प्रति,

1. कुलसचिव,
   समस्त विश्वविद्यालय (छ.ग.)
2. प्राचार्य,
   समस्त महाविद्यालय (छ.ग.)

विषय :– माननीय मुख्यमंत्री जी की मासिक रेडियों वार्ता "लोकवाणी" कार्यक्रम के संबंध में ।

संदर्भ :– 1.अवर सचिव छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग का पत्र क्रमांक 527/10/ मुमंस /2020/38–1 दिनांक 29.01.2020

2. उप सचिव मा. मुख्यमंत्री सचिवालय का टीप क्रमांक 50 दिनांक 24.01.2020

--00--

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि "परीक्षा प्रबंधन एवं युवा कैरियर के आयाम" विषय पर माननीय मुख्यमंत्री जी की रेडियो वार्ता " लोकवाणी " का प्रसारण कल दिनांक 9 फरवरी –2020 को समय सुबह 10:00 बजे से 10:55 तक आयोजित है।

कृपया निर्देशानुसार उक्त प्रसारण के समय राज्य के समस्त महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में छात्र/छात्राओं को परीक्षा प्रबंधन एवं युवा कैरियर के आयाम के विषय पर माननीय मुख्यमंत्री जी के विचारो को सुनने के लिए आवश्यक व्यवस्था करना सुनिश्चित करे एवं कि गई कार्यवाही से इस कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

(आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

(डॉ.एच.एस.कर)
अपर संचालक
उच्च शिक्षा संचालनालय
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

पृ0क्रमांक/143/ 60 /आउशि/सम/2020 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 07/02/2020

प्रतिलिपि :–

1. अवर सचिव, छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन को सूचनार्थ प्रेषित।

अपर संचालक
उच्च शिक्षा संचालनालय
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner




मानवीय मुख्यमंत्री जी – का लोकवाणी कार्यक्रम में रेडियोवार्ता :- विषय :—

"परीक्षा प्रबंधन एवं युवा कैरियर के आयाम"

दिनांक - 09.02.2020

विवरण :-

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली • जिला-सूरजपुर (छ.ग.) •

Scanned with CamScanner

# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

## जिला–सूरजपुर (छ०ग०)

"सुगम मतदान"

## प्रशस्ति पत्र

शैक्षणिक सत्र 2017–18 में मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में कैम्पस एम्बेसडर के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए श्री/~~श्रीमती/कु.~~ अशोक यादव पिता/~~पति~~ श्री लखन राम (छ0ग0) को 25 जनवरी 2018 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर यह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

प्राचार्य
हस्ताक्षर एवं सील
Principal
Govt. College
Distt. Surajpur (C.G.)

(के0सी0देवसेनापति)
कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
जिला–सूरजपुर (छ०ग०)

Scanned with CamScanner

# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला-सूरजपुर

"युवा और भावी मतदाताओं का सशक्तिकरण"

## प्रमाण - पत्र

शैक्षणिक सत्र 2016-17 में मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में कैम्पस एम्बेसडर के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए श्री/श्रीमती/कुमारी संजीव कुमार कुशवाहा पिता/पति हरिश्चन्द्र कुशवाहा को दिनांक 25 जनवरी 2017 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर यह प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. College Silfili
Distt. Surajpur (C.G.)

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
जिला सूरजपुर

Scanned with CamScanner

# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला-सूरजपुर

"युवा और भावी मतदाताओं का सशक्तिकरण"

## प्रमाण - पत्र

शैक्षणिक सत्र 2016-17 में मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में कैम्पस एम्बेसडर के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए श्री/श्रीमती/कुमारी सविता पैकरा पिता/पति बृजमोहन पैकरा को दिनांक 25 जनवरी 2017 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर यह प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

प्राचार्य
(C.G.)

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
जिला सूरजपुर

# शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली, जिला–सूरजपुर (छ.ग.)

**Government College, Silphili, Dist. Surajpur C.G.**


Website-Govtcollegesilphili.ac.in

E-mail-govt.collegesilhili@gmail.com


दिनांक - 20-05-2020

## कोरोना–19 महामारी की रोकथाम तथा जागरुकता फैलाने में विद्यार्थियों का महत्त्वपूर्ण योगदान

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के सत्र 2019–20 के विद्यार्थियों ने 2020 की कोरोना–19 महामारी की रोकथाम में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ शासन तथा संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर के दिशा निर्देशों तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र तथा रासेयो प्रभारी श्री अमित सिंह बनाफर के मार्गदर्शन के अनुसार अपने ग्राम में लोगों के बीच जागरुकता फैलाने के लिए लोगों के घरों की दीवारों पर महामारी से बचने के निर्देशों को लिखा। मास्क की सिलाई स्वयं अपने घरों में करके अपने मुहल्ले के लोगों में वितरित किया।



**महामारी से बचाव के उपाय लिखती हुई महाविद्यालय की छात्रा**

Scanned with CamScanner